जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित
बिलासपुर (छ0ग0) पिन : 495001
प्रधान कार्यालय – नेहरू चौक सहकार भवन

JILA SAHAKARI KENDRIYA BANK MYDT.
BILASPUR (C.G.) PIN : 495001
H.O. NEHRU CHOWK, SAHAKAR BHAVAN

Email ID – estb@jskbmbilaspur.in

क्र./1917/स्था./2024 बिलासपुर दिनांक 22-11-2024

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बिलासपुर में सीधी भर्ती के संस्था प्रबंधक (नवीन संवर्ग) के 30 पदों पर भर्ती हेतु पात्र अभ्यार्थियों के दस्तावेज के अंतिम रूप से मिलान/सत्यापन के संबंध में सूचना।

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर के द्वारा दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञप्ति क्रमांक 1969 दिनांक 22.08.2024 एवं सहकारिता विभाग तथा बैंक की वेबसाइड में प्रकाशित सूचना क्रमांक 1970 दिनांक 22.08.2024 के अनुसार जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बिलासपुर में संस्था प्रबंधक (नवीन संवर्ग) के सीधी भर्ती के कुल 40 पदों एवं सामान्य सहायक के 04 पदों पर भर्ती हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा दिनांक 29.10.2023 को पूर्वान्ह में आयोजित कर भर्ती परीक्षा का परिणाम दिनांक 04.12.2023 को घोषित किया गया।

माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के प्रकरण क्रमांक डब्ल्यू.पी.एस. नं.3346/2020 में पारित अंतरिम आदेशों के परिपालन में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बिलासपुर के सामान्य सहायक के 04 पद एवं समिति प्रबंधक (नवीन संवर्ग) के 10 पदों कुल 14 पदों को रिक्त रखकर सीधी भर्ती के संस्था प्रबंधक (नवीन संवर्ग) के शेष 30 पदों पर चयन हेतु अभ्यार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 23.09.2024 से दिनांक 27.09.2024 तक छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मुख्यालय नवा रायपुर में संयुक्त कांउसिलिन कमेटी द्वारा कराया गया है। तत्पश्चात दावा आपत्ति का निराकरण किये जाने के उपरांत अंतिम रूप से पात्र 30 अभ्यार्थियों की संयुक्त कांउसिलिन प्रक्रिया दिनांक 05.11.2024 एवं 06.11.2024 को छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, मुख्यालय नवा रायपुर में की गई है। जिसमें जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बिलासपुर में रिक्त पदों के विरूद्ध चयनित अभ्यार्थियों का विवरण निम्नानुसार है :-

Jila Sahakari Kendriya Bank Mydt. HEAD OFFICE

जाना जावेगा। मोबाईल, लेपटॉप एवं अन्य गेजेट्स रखने की अनुमति नहीं होगी। उक्त प्रक्रिया मेरिट क्रम से की जावेगी।

<u>संस्था प्रबंधक(नवीन संवर्ग) के पद हेतु शैक्षणिक आर्हता एवं अन्य आर्हता संबंधी दस्तावेजों के अंतिम मिलान की प्रक्रिया :-</u>

01. आवेदन पत्र में दर्शायी गई समस्त शैक्षणिक आर्हता संबंधी प्रमाण पत्र की मूलप्रति एवं स्वप्रमाणित 02 सेट छायाप्रति।

02. आवेदन पत्र में दर्शायी गई अन्य आवश्यक आर्हता संबंधी दस्तावेजों की मूलप्रति एवं स्वप्रमाणित 02 सेट छायाप्रति।

03. आधार कार्ड की मूलप्रति।

04. चयनित अभ्यर्थी यदि किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा/निगम/मण्डल/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/स्वशासी संस्था में कार्यरत है तो नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र मूल एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति 02 सेट।

05. अन्य ऐसे प्रमाण पत्र/दस्तावेज जिन्हें सत्यापन हेतु प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य हो कि मूलप्रति एवं 02 सेट स्वप्रमाणित छायाप्रति।

06. सभी चयनित अभ्यर्थियों को पंजीकृत डाक एवं ई-मेल के माध्यम से प्रेषित शैक्षणिक आर्हता संबंधी प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक आर्हता संबंधी प्रमाण पत्र के अंतिम मिलान हेतु प्रेषित सूचना पत्र एवं उसकी छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा।

07. उक्त दस्तावेजों का अंतिम रूप से मिलान किये जाने उपरांत नियुक्ति की कार्यवाही जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बिलासपुर की स्टाफ उप समिति की बैठक में प्रस्तुत कर की जावेगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

HEAD OFFICE